भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 56**
दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**नल से जल की आपूर्ति**

**†*56 श्री नरेश गणपत म्हस्के:**
**श्री राजेश वर्मा:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में 24x7 निर्बाध नल जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) भुगतान से पहले बुनियादी ढांचे की सुदृढ़ता की जांच के लिए तीसरे पक्ष द्वारा किए गए निरीक्षणों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पानी के नमूनों की कितनी बार जांच की गई और इससे संबंधित डेटा क्या है;
(घ) प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में पानी के नमूनों की जांच के लिए स्थापित प्रयोगशालाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है और पानी की जांच के लिए निर्धारित दर का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र और बिहार में, जल जीवन मिशन को लागू करने में सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी. आर. पाटिल)

(क) से (ङ): उत्तर का विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**दिनांक 28.11.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *56 के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता वाली पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित तथा पीने योग्य नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, भारत सरकार ने अगस्त 2019 में राज्यों की भागीदारी में लागू किए जा रहे जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरुआत की है। पेयजल राज्य का विषय है और इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाली स्कीमों सहित पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य द्वारा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित आधार पर 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) पेयजल उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है। 24X7 आपूर्ति सहित जल सेवा प्रदायगी अथवा अन्यथा की अनुसूची का निर्णय राज्यों/ग्राम पंचायतों द्वारा लिया जाता है। ऐसे ब्यौरे केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

देश के शहरी क्षेत्रों के लिए अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के तहत, अब तक, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा 23,732.28 करोड़ रुपये की लागत वाली 397 नल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें बिहार में 3,232.73 करोड़ रुपये की लागत वाली 22 परियोजनाएं और महाराष्ट्र में 5,477.13 करोड़ रुपये की लागत वाली 26 परियोजनाएं शामिल हैं। अमृत 2.0 के तहत अनुमोदित नल से पेयजल परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्यों को कार्यान्वयन एजेंसियों को अंतिम भुगतान करने से पहले अवसंरचना की गुणवत्ता की जांच करने के लिए तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसियों (टीपीआईए) का पैनल बनाने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। अब तक, 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने टीपीआईए को पैनल में शामिल किया है। इन टीपीआईए द्वारा किए गए निरीक्षणों की संख्या का ब्यौरा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ग) और (घ) जल गुणवत्ता के लिए जल नमूनों का परीक्षण करने और पेयजल स्रोतों के नमूना संग्रहण, सूचना देने, निगरानी और पर्यवेक्षण हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सक्षम बनाने के लिए एक ऑनलाइन जेजेएम-जल गुणवत्ता प्रबंधन सूचना प्रणाली (डब्ल्यूक्यूएमआईएस) पोर्टल विकसित किया गया है। डब्लूक्यूएमआईएस के माध्यम से सूचित जल गुणवत्ता परीक्षण का राज्य-वार ब्यौरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और इसे निम्न लिंक पर देखा जा सकता है:

https://ejalshakti.gov.in/WQMIS/Main/report

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा जेजेएम-डब्ल्यूक्यूएमआईएस पोर्टल पर सूचित किए गए अनुसार, वर्ष 2023-24 के दौरान, जल परीक्षण प्रयोगशालाओं में 75 लाख से अधिक पानी के नमूनों (92.36% गांवों से) का परीक्षण किया गया है और फील्ड टेस्टिंग किट का उपयोग करके 108.54 लाख से अधिक जल नमूनों (72.30% गांवों से) का परीक्षण किया गया है। दिनांक 22.11.2024 तक, वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक प्रयोगशालाओं में 48.25 लाख से अधिक नमूनों (84.89% गांवों से) और एफटीके का उपयोग करके 69.33 लाख नमूनों (56.54% गांवों से) का परीक्षण किया गया है। वर्ष 2024-25 और 2023-24 के दौरान प्रयोगशालाओं में और फील्ड टेस्टिंग किट का उपयोग करके परीक्षण किए गए नमूनों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, अब तक, देश में विभिन्न स्तरों अर्थात राज्य, क्षेत्रीय, जिला, उप-मंडल और/या ब्लॉक स्तर पर 2,160 पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। पीने योग्य पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है। पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल गुणवत्ता परीक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने नाममात्र दर पर अपने जल का परीक्षण कराने के लिए आम जनता के लिए गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएं खोली हैं। सुझाई गई दरें **अनुबंध-IV** में दी गई हैं।

(ङ) राज्यों ने सूचित किया है कि जल की कमी, सूखा प्रवण और मरूभूमि क्षेत्रों में भरोसेमंद पेयजल स्रोतों की कमी, भूजल में भू-जनित संदूषकों की मौजूदगी, विषम भौगोलिक भू-भाग, अलग-थलग बसी ग्रामीण बसावटें, कुछ राज्यों में समतुल्य राज्य अंश जारी करने में विलंब, कार्यान्वयन एजेंसियों, ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों के पास जल आपूर्ति योजनाओं की योजना बनाने, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव करने के लिए तकनीकी क्षमता की कमी, कच्चे माल की बढ़ती कीमत, वैधानिक/अन्य मंजूरी प्राप्त करने में देरी आदि कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनका राज्यों को मिशन के कार्यान्वयन में सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे माल विशेष रूप से डीआई/एचडीपीई पाइपों की अल्प उपलब्धता ने भी महाराष्ट्र राज्य सहित राज्यों में कार्यान्वयन की गति को प्रभावित किया है।

इसके अतिरिक्त, बिहार राज्य ने सूचित किया है कि पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के कार्य-निष्पादन में मुकदमेबाजी की चुनौतियों के कारण राज्य में जल आपूर्ति परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब हुआ है।

*****

**अनुबंध-I**

**28.11.24 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 56 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत राज्य-वार नल से पेयजल परियोजनाएं**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संख्या | लागत (₹ करोड़) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13 | 1092.86 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 33.78 |
| 3 | असम | 16 | 547.13 |
| 4 | बिहार | 22 | 3232.73 |
| 5 | चंडीगढ़ | 2 | 60.00 |
| 6 | छत्तीसगढ | 8 | 136.00 |
| 7 | गुजरात | 4 | 361.04 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 11 | 216.58 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 1 | 4.54 |
| 10 | कर्नाटक | 61 | 2349.39 |
| 11 | केरल | 10 | 80.77 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 23 | 3634.31 |
| 13 | महाराष्ट्र | 26 | 5477.13 |
| 14 | मणिपुर | 1 | 27.90 |
| 15 | मेघालय | 1 | 121.00 |
| 16 | मिजोरम | 1 | 16.00 |
| 17 | ओडिशा | 48 | 463.90 |
| 18 | पुदुचेरी | 1 | 12.65 |
| 19 | पंजाब | 3 | 45.26 |
| 20 | राजस्थान | 41 | 990.67 |
| 21 | सिक्किम | 1 | 26.30 |
| 22 | तमिलनाडु | 16 | 2263.47 |
| 23 | तेलंगाना | 1 | 217.00 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 57 | 1278.06 |
| 25 | उत्तराखंड | 1 | 10.01 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 26 | 1033.81 |
| **कुल** | | **397** | **23732.28** |

अनुबंध-II

**28.11.24 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 56 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2024-25 (22/11/2024 तक) के दौरान प्रयोगशालाओं में और फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) का उपयोग करके परीक्षण किए गए जल नमूनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | गांवों की संख्या | प्रयोगशालाओं में गुणवत्ता परीक्षण | | | एफटीके का उपयोग करके गुणवत्ता परीक्षण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परीक्षित जल नमूनों की संख्या | परीक्षण की सूचना देने वाले गांवों की संख्या | परीक्षित गांवों का % | परीक्षित जल नमूनों की संख्या | परीक्षण की सूचना देने वाले गांवों की संख्या | परीक्षित गांवों का % |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 265 | 456 | 54 | 20.38 | 16 | 2 | 0.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 15,999 | 3,88,345 | 14,995 | 93.72 | 2,14,060 | 11,741 | 73.39 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 5,133 | 13,444 | 2,702 | 52.64 | 8,013 | 1,386 | 27.00 |
| 4. | असम | 24,204 | 1,66,620 | 22,185 | 91.66 | 5,72,588 | 20,564 | 84.96 |
| 5. | बिहार | 36,953 | 1,56,891 | 25,981 | 70.31 | 1,223 | 234 | 0.63 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 19,656 | 79,621 | 12,042 | 61.26 | 1,52,353 | 15,230 | 77.48 |
| 7. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण व दीव | 96 | - | - | - | 177 | 14 | 14.58 |
| 8. | गोवा | 373 | 8,129 | 373 | 100.00 | - | - | - |
| 9. | गुजरात | 18,024 | 38,122 | 8,168 | 45.32 | 2,53,635 | 16,678 | 92.53 |
| 10. | हरियाणा | 6,600 | 37,484 | 3,557 | 53.89 | 2,241 | 526 | 7.97 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 17,659 | 1,50,110 | 16,538 | 93.65 | 79,612 | 12,540 | 71.01 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | 6,153 | 1,51,062 | 6,065 | 98.57 | 409 | 93 | 1.51 |
| 13. | झारखंड | 29,398 | 1,35,766 | 27,595 | 93.87 | 6,31,128 | 28,159 | 95.79 |
| 14. | कर्नाटक | 26,432 | 1,89,315 | 22,961 | 86.87 | 5,48,146 | 25,640 | 97.00 |
| 15. | केरल | 1,435 | 3,79,656 | 1,378 | 96.03 | 396 | 25 | 1.74 |
| 16. | लद्दाख | 240 | 7,985 | 240 | 100.00 | 503 | 137 | 57.08 |
| 17. | लक्षद्वीप | 10 | 4,567 | 9 | 90.00 | - | - | - |
| 18. | मध्य प्रदेश | 51,011 | 3,32,252 | 45,581 | 89.36 | 3,03,385 | 35,651 | 69.89 |
| 19. | महाराष्ट्र | 40,289 | 3,19,509 | 36,889 | 91.56 | 3,04,051 | 34,088 | 84.61 |
| 20. | मणिपुर | 2,556 | 14,198 | 2,531 | 99.02 | 8,162 | 777 | 30.40 |
| 21. | मेघालय | 6,457 | 27,484 | 5,039 | 78.04 | 11,753 | 2,687 | 41.61 |
| 22. | मिजोरम | 637 | 12,650 | 572 | 89.80 | 2,410 | 130 | 20.41 |
| 23. | नागालैंड | 1,425 | 3,965 | 1,300 | 91.23 | 12,586 | 1,173 | 82.32 |
| 24. | ओडिशा | 46,422 | 1,80,818 | 40,675 | 87.62 | 1,99,714 | 15,409 | 33.19 |
| 25. | पुदुचेरी | 91 | 214 | 30 | 32.97 | 14 | 9 | 9.89 |
| 26. | पंजाब | 11,977 | 38,941 | 11,570 | 96.60 | 1,01,192 | 11,064 | 92.38 |
| 27. | राजस्थान | 41,917 | 1,26,786 | 25,347 | 60.47 | 66,439 | 13,006 | 31.03 |
| 28. | सिक्किम | 400 | 3,908 | 231 | 57.75 | 5,663 | 359 | 89.75 |
| 29. | तमिलनाडु | 11,816 | 6,28,193 | 11,756 | 99.49 | 26,684 | 1,526 | 12.91 |
| 30. | तेलंगाना | 9,586 | 1,69,939 | 8,078 | 84.27 | - | - | - |
| 31. | त्रिपुरा | 765 | 51,514 | 761 | 99.48 | 23,651 | 443 | 57.91 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | 97,090 | 6,28,510 | 89,461 | 92.14 | 32,00,539 | 76,726 | 79.03 |
| 33. | उत्तराखंड | 14,967 | 74,193 | 14,878 | 99.41 | 1,469 | 496 | 3.31 |
| 34. | पश्चिम बंगाल | 38,173 | 3,05,134 | 36,413 | 95.39 | 2,01,208 | 3,814 | 9.99 |
| **कुल** | | **5,84,209** | **48,25,781** | **4,95,955** | **84.89** | **69,33,420** | **3,30,327** | **56.54** |

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस

## वर्ष 2023-24 के दौरान प्रयोगशालाओं में और फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) का उपयोग करके परीक्षण किए गए जल नमूनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | गांवों की संख्या | प्रयोगशालाओं में गुणवत्ता परीक्षण | | | एफटीके का उपयोग करके गुणवत्ता परीक्षण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परीक्षित जल नमूनों की संख्या | परीक्षण की सूचना देने वाले गांवों की संख्या | परीक्षित गांवों का % | परीक्षित जल नमूनों की संख्या | परीक्षण की सूचना देने वाले गांवों की संख्या | परीक्षित गांवों का % |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 265 | 984 | 180 | 67.92 | 351 | 40 | 15.09 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 15,996 | 6,99,999 | 15,689 | 98.08 | 4,64,831 | 15,145 | 94.68 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 5,112 | 39,238 | 4,641 | 90.79 | 33,490 | 3,616 | 70.74 |
| 4. | असम | 24,146 | 2,97,405 | 23,674 | 98.05 | 12,14,852 | 20,512 | 84.95 |
| 5. | बिहार | 36,419 | 1,60,783 | 25,326 | 69.54 | 49,736 | 6,047 | 16.60 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 19,641 | 1,23,175 | 16,096 | 81.95 | 2,97,229 | 18,103 | 92.17 |
| 7. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण व दीव | 96 | 0 | 0 | - | 3,060 | 24 | 25.00 |
| 8. | गोवा | 373 | 10,336 | 371 | 99.46 | 22 | 13 | 3.49 |
| 9. | गुजरात | 17,961 | 1,53,057 | 16,503 | 91.88 | 2,92,444 | 16,809 | 93.59 |
| 10. | हरियाणा | 6,500 | 69,702 | 5,232 | 80.49 | 37,996 | 5,910 | 90.92 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 17,272 | 2,20,428 | 16,576 | 95.97 | 1,47,982 | 15,641 | 90.56 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | 5,584 | 2,53,364 | 5,580 | 99.93 | 34,793 | 628 | 11.25 |
| 13. | झारखंड | 29,210 | 2,14,431 | 28,814 | 98.64 | 7,85,488 | 27,796 | 95.16 |
| 14. | कर्नाटक | 26,081 | 2,66,532 | 25,639 | 98.31 | 2,15,742 | 21,757 | 83.42 |
| 15. | केरल | 1,409 | 6,36,043 | 1,406 | 99.79 | 2,27,651 | 690 | 48.97 |
| 16. | लद्दाख | 240 | 7,706 | 235 | 97.92 | 1,809 | 233 | 97.08 |
| 17. | लक्षद्वीप | 10 | 6,880 | 10 | 100.00 | 475 | 10 | 100.00 |
| 18. | मध्य प्रदेश | 50,919 | 5,74,409 | 49,080 | 96.39 | 6,56,077 | 42,501 | 83.47 |
| 19. | महाराष्ट्र | 40,199 | 6,42,396 | 39,614 | 98.54 | 2,46,187 | 32,622 | 81.15 |
| 20. | मणिपुर | 2,550 | 17,413 | 2,545 | 99.80 | 16,352 | 1,171 | 45.92 |
| 21. | मेघालय | 6,457 | 51,836 | 5,943 | 92.04 | 17,172 | 3,743 | 57.97 |
| 22. | मिजोरम | 637 | 29,224 | 630 | 98.90 | 7,381 | 261 | 40.97 |
| 23. | नागालैंड | 1,425 | 7,947 | 1,331 | 93.40 | 20,249 | 1,363 | 95.65 |
| 24. | ओडिशा | 46,422 | 2,60,445 | 45,121 | 97.20 | 4,02,332 | 40,834 | 87.96 |
| 25. | पुदुचेरी | 91 | 818 | 80 | 87.91 | - | - | - |
| 26. | पंजाब | 11,863 | 33,107 | 11,461 | 96.61 | 1,46,504 | 11,078 | 93.38 |
| 27. | राजस्थान | 41,917 | 1,98,476 | 32,979 | 78.68 | 3,64,778 | 32,529 | 77.60 |
| 28. | सिक्किम | 400 | 15,527 | 396 | 99.00 | 9,566 | 390 | 97.50 |
| 29. | तमिलनाडु | 11,560 | 8,48,706 | 11,560 | 100.00 | 9,12,785 | 11,560 | 100.00 |
| 30. | तेलंगाना | 9,458 | 2,91,673 | 9,458 | 100.00 | 1 | 1 | 0.01 |
| 31. | त्रिपुरा | 765 | 50,701 | 736 | 96.21 | 61,371 | 714 | 93.33 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | 96,712 | 6,23,246 | 87,793 | 90.78 | 35,89,028 | 72,553 | 75.02 |
| 33 | उत्तराखंड | 14,861 | 1,19,958 | 14,837 | 99.84 | 34,975 | 4,750 | 31.96 |
| 34. | पश्चिम बंगाल | 38,173 | 5,74,096 | 36,998 | 96.92 | 5,61,487 | 10,813 | 28.33 |
| **कुल** | | **5,80,724** | **75,00,041** | **5,36,534** | **92.39** | **1,08,54,196** | **4,19,857** | **72.30** |

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस

अनुबंध- III

**28.11.24 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 56 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं का राज्य-वार विवरण (22/11/2024 तक)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | राज्य | क्षेत्रीय/जिला | ब्लॉक/उप-मंडल/मोबाइल | कुल |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1 | 3 | 7 | 11 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 1 | 26 | 85 | 112 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 20 | 17 | 38 |
| 4. | असम | 1 | 34 | 48 | 83 |
| 5. | बिहार | 1 | 38 | 84 | 123 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 1 | 29 | 45 | 75 |
| 7. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण व दीव | - | 2 | - | 2 |
| 8. | गोवा | 1 | - | 14 | 15 |
| 9. | गुजरात | 1 | 33 | 46 | 80 |
| 10. | हरियाणा | 1 | 21 | 22 | 44 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 1 | 14 | 61 | 76 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | 2 | 20 | 76 | 98 |
| 13. | झारखंड | 1 | 24 | 6 | 31 |
| 14. | कर्नाटक | 5 | 31 | 48 | 84 |
| 15. | केरल | 4 | 14 | 71 | 89 |
| 16. | लद्दाख | - | 2 | 6 | 8 |
| 17. | लक्षद्वीप | - | - | 9 | 9 |
| 18. | मध्य प्रदेश | 1 | 51 | 103 | 155 |
| 19. | महाराष्ट्र | - | 34 | 144 | 178 |
| 20. | मणिपुर | 1 | 12 | - | 13 |
| 21. | मेघालय | 1 | 11 | 18 | 30 |
| 22. | मिजोरम | 1 | 8 | 18 | 27 |
| 23. | नागालैंड | 1 | 11 | - | 12 |
| 24. | ओडिशा | 1 | 30 | 46 | 77 |
| 25. | पुदुचेरी | - | 2 | - | 2 |
| 26. | पंजाब | 1 | 23 | 9 | 33 |
| 27. | राजस्थान | 2 | 32 | 20 | 54 |
| 28. | सिक्किम | 1 | 1 | - | 2 |
| 29. | तमिलनाडु | 1 | 37 | 75 | 113 |
| 30. | तेलंगाना | 1 | 19 | 56 | 76 |
| 31. | त्रिपुरा | 1 | 8 | 12 | 21 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | 1 | 75 | 62 | 138 |
| 33. | उत्तराखंड | 1 | 13 | 13 | 27 |
| 34. | पश्चिम बंगाल | 2 | 23 | 199 | 224 |
| **कुल** | | **39** | **701** | **1,420** | **2,160** |

**अनुबंध- IV**

## गुणवत्ता संबंधी मापदंडों के लिए जल नमूनों के परीक्षण हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए सुझाई गई दरें

*(दर रुपये में)*

| क्र.सं. | मापदंड | व्यक्तिगत दर | पैकेज दर |
|---|---|---|---|
| 1. | गंध | 1 | 50 |
| 2. | रंग | 1 | |
| 3. | पीएच | 1 | |
| 4. | कुल विलयित ठोस | 1 | |
| 5. | गंदलापन | 5 | |
| 6. | कुल क्षारीयता | 20 | |
| 7. | कुल कठोरता | 20 | |
| 8. | अवशिष्ट क्लोरीन | 1 | |
| 9. | क्लोराइड | 50 | 50 |
| 10. | सल्फेट | 50 | 50 |
| 11. | आयरन | 50 | 50 |
| 12. | कुल आर्सेनिक | 100 | 100 |
| 13. | फ्लोराइड | 50 | 50 |
| 14. | नाइट्रेट | 50 | 50 |
| 15. | कुल कॉलिफॉर्म बैक्टीरिया | 100 | 100 |
| 16. | ई. कॉलि या थर्मोटोलरेंट कॉलिफॉर्म बैक्टीरिया | 100 | 100 |
| | **कुल** | **600** | **600** |